विद्यालय गुणवत्ता मूल्यांकन और आश्वासन ढांचे पर सत्र का आयोजन

पिलानी (बाबूलाल ष्समृदुल पत्रिका)। बिरला शिशु विहार में आज स्कूल गुणवत्ता मूल्यांकन और आश्वासन फ्रेमवर्क (एसक्यूएएएफ) के कार्यान्वयन की प्रक्रिया को समझने के लिए बिरला शिक्षण संस्थान के सभी विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रवक्ता श्रीमती वंदना बांगा, एस.क्यू.ए.ए.एफ. को प्राप्त करने के लिए मानकों और प्रमाणित प्रशिक्षक नई दिल्ली से थी। बिरला शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर मेजर जनरल एस. एस. नायर द्वारा प्रवक्ता को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया व विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर कार्यशाला का शुभारंभ करवाया। वशिष्ठ ने बताया कि उत्कृष्टता की खोज में, स्कूल व्यक्तिगत और संस्थागत उत्कृष्टता के लिए मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं के सेट को प्रतिमान के रूप में लागू करने के लिए स्कूल गुणवत्ता मूल्यांकन और आश्वासन फ्रेमवर्क (एसक्यूएएएफ) की तैयारी कर रहा है जिसके तहत आज इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था। प्रवक्ता श्रीमती वंदना बांगा ने कार्यशाला में गतिविधियों द्वारा शिक्षकों को कई नई स्कूल गुणवत्ता मूल्यांकन पद्धतियों के बारे में बताया। कार्यशाला में बिरला शिक्षण संस्थान के सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. एम. कस्तूरी, प्राचार्य बिड़ला बालिका विद्यापीठ, श्री धीरेंद्र सिंह, प्राचार्य-बिड़ला स्कूल पिलानी आदि उपस्थित थे। कार्यशाला के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन वशिष्ठ ने प्रवक्ता को समृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।